## बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा-सदन में मंगलवार, तिथि १३ दिसम्बर, १९६० को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

श्री दीपनारायण सिंह—महाशय, मैं द्वितीय बिहार विधान-सभा के षष्टम् सत्र के १५१ अनागत तारांकित प्रश्नों के उत्तर सभा के मेज पर रखता हूं। शेष लंबित प्रश्नों के उत्तर सचिवालय के विभागों से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराए जायेंगे।

सूची।

| क्रम संख्या। | सदस्यों के नाम। | प्रश्न संख्या। |
|---|---|---|
| १ | श्री रामानन्द तिवारी .. | .. ४, २८६, ७२६, १०३४, ११०४, १२३१। |
| २ | श्री कर्पूरी ठाकुर .. | .. १५, ५९, ३६०, १३५४। |
| ३ | श्री रामानन्द सिंह .. | .. ७४, ३४१, ७५५। |
| ४ | श्री एस० के० बागे .. | .. १२१, २४७, ६९५, १०२०, १२५२, १२६८, १७३७। |
| ५ | श्रीमती बनारसी देवी .. | .. १३०, १२१७, १३३९। |

(२) क्या यह बात सही है कि उनका एरियर वेतन १९५६ का बाकी अभी तक नहीं मिला है, यदि हां, तो क्यों ?

श्री दीप नारायण सिंह—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) श्री करीमन मिस्त्री की सेवा पुस्तिका नहीं रहने के कारण उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि मंजूर करने में देर हुई। उनकी सेवा पुस्तिका बनाई गयी है और वार्षिक वेतन वृद्धि भी मंजूर कर दी गयी है। उनके बकाये वेतन का विपत्र जांच कर बनाया जा रहा है और जल्द से जल्द भुगतान कर दिया जायगा।

कार्यपालक अभियंता को कड़ी चेतावनी दे दी गयी है कि वे इस भुगतान को जल्द कर दें।

---

## TORLO IRRIGATION SCHEME.

**1470. Shri HARI CHARAN SOY**: Will the Minister in charge of Irrigation Department be pleased to state—

(1) what progress has been made so far towards the execution of Torlo Irrigation Scheme in Singhbhum ;

(2) what area, if any, is being irrigated by the completed portion of the said scheme, if not, why ?

श्री दीप नारायण सिंह—(१) तोरलो सिंचाई का लगभग ७० प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

(२) योजना के पूरे हुए हिस्से से १०० एकड़ भूमि की सिंचाई हुई है।

---

## रोसरा नीमा बांध को बढ़ाकर फिर से बांधा जाना।

१४७१। श्री हरिहर महतो—क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बूढ़ी गंडक पर बने रोसड़ा नीमा बांध का भाग ग्राम सिकरौल के निकट बाहर की ओर बढ़ाकर फिर से बांधा जायगा, यदि हां, तो क्यों ?

श्री दीपनारायण सिंह—विगत, बाढ़ के सबब सिकरौल गाँव के निकट नदी का अधिक कटाव होने के कारण बांध के नदी की ओर का हिस्सा करीब १० फीट कट गया है इसलिये एक रिटायर्ड बांध निर्माण की योजना विचाराधीन है।